रेलवे में जल्द होंगी 60 हजार भर्तियां

egovtjobs.in

हिन्दुस्तान जॉब्स

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

ऑनलाइन होगी परीक्षा

- पेपर लीक होने की समस्या से बचने के लिए आवेदन व परीक्षा ऑनलाइन करने का फैसला
- अक्तूबर में दो हजार अभ्यर्थी देंगे इंजीनियरिंग की परीक्षा

रेल मंत्रालय ने पेपर लीक होने की समस्या पर विराम लगाते हुए ऑनलाइन आवेदन और परीक्षाएं आयोजित कराने का फैसला किया है। इस साल अक्तूबर माह में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 2,000 इंजीनियरों के लिए ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। साथ ही 60 हजार खाली पदों को भरा जाएगा।

आएगी पारदर्शिता: रेलवे बोर्ड के सदस्य कार्मिक प्रदीप कुमार ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन से व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी। बीस में से चार रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) में 100 फीसदी अपडेट कर दिया गया है। पहली बार 2000 हजार इंजीनियरों की ऑनलाइन परीक्षा अक्तूबर में कराई जाएगी।

चतुर्थ श्रेणी परीक्षा भी ऑनलाइन: यदि प्रोजेक्ट सफल होता है तो चतुर्थ श्रेणी की परीक्षाएं भी ऑनलाइन कराना संभव होगा। प्रदीप ने बताया कि ऑनलाइन व्यवस्था से अभ्यर्थी को पता रहेगा कि उसने समय से आवेदन कर दिया है।

दस्तावेजों की जांच बाद में: अभ्यर्थी आवेदन फार्म में जो जानकारी देंगे, रेलवे उसकी जांच परीक्षा होने के बाद करेगा। परीक्षा में पास अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र देने के समय दस्तावेजों की जांच की जाएगी। यदि ये गलत पाए गए तो उसे अयोग्य घोषित करने के साथ कार्रवाई की जाएगी।

खत्म होंगे कई झंझट : ऑनलाइन आवेदन और परीक्षा से लाखों युवाओं को पेपर लीक की समस्या से छुटकारा मिलेगा। वहीं, डाक विभाग से आवेदन, कॉल लेटर भेजने का झंझट समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि रेलवे में खाली पदों को तेजी से भरा जा रहा है। इसमें 43,822 अभ्यर्थियों ने परीक्षाएं दे दी हैं, जबकि इस साल 60,000 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। 2016 के दौरान 25-30 हजार रिक्त पदों को भरा जाएगा।